प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 29.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में प्री एसआईआर के दौरान अब तक 12 लाख फर्जी मतदाता चिन्हित, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा–जारी है वोटर लिस्ट की मैपिंग प्रक्रिया, हटाये जायेंगे फर्जी मतदाताओं के नाम।
2. इडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, एमपी–एमएलए कोर्ट ने 12 दिसंबर को पेश होने का दिया अंतिम मौका।
3. सारंडा में फिर आईईडी विस्फोट, एक युवती की मौत, दो महिलाएं गंभीर, केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा–देश से जल्द होगा नक्सलवाद का खात्मा।
4. जेएसएससी ने जारी किया उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम, शारीरिक दक्षता में एक लाख 48 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी सफल।
5. रांची में कल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट मैच की तैयारी पूरी, दोनों टीमों के खिलाड़ी आज भी करेंगे नेट प्रैक्टिस।

*******************

भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर प्री एसआईआर के तहत राज्य में वोटर लिस्ट की मैपिंग का काम चल रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अब तक करीब 58 प्रतिशत मतदाताओं की मैंपिंग का कार्य हो चुका है। इस दौरान करीब 12 लाख अवैध मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि फर्जी मतदाताओं के नाम सूची से हटाये जायेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि वास्तविक मतदाताओं को एसआईआर से डरने की जरुरत नहीं है।

*******************

ईडी के समन की अवमानना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एमपी–एमएलए कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने के लिए उन्हें अंतिम मौका दिया है। अदालत ने उन्हें 12 दिसंबर को पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने श्री सोरेन की अंतरिम राहत समाप्त कर दी थी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि अब मुख्यमंत्री को खुद कोर्ट में उपस्थित होना होगा।

*******************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कल देवघर में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि संताल परगना क्षेत्र में हैंडलूम को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है।

*******************

सनातन संस्था के रजत महोत्सव के उपलक्ष में सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव 13 और 14 दिसंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में सनातन संस्कृति की झलक मिलेगी।

*******************

बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित आरोग्य भवन में आज धरती आबा संग्रहालय का उद्घाटन और श्क्रांति नायक धरती आबा बिरसा मुंडाश पुस्तक का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल उरांव और विशिष्ट अतिथि के रुप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल होंगे।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में कल नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे लगाए गए आईईडी विस्फोट से एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की पुष्टि जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने की है। विस्फोट के बाद पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीमें पूरे क्षेत्र को सील कर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

*******************

इस बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश अगले साल नक्सलवाद के नासूर से पूर्णतः मुक्त हो जायेगा। छतीसगढ़ के रायपुर में तीन दिवसीय 60वीं डीजीपी–आईजीपी सम्मलेन के उद्घाटन सत्र में श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि पिछले सात साल में, केंद्र सरकार ने 586 पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इससे नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2014 में 126 से घटकर आज सिर्फ 11 रह गई है।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। शारीरिक दक्षता परीक्षण में कुल 1 लाख 48 हजार 54 विद्यार्थियों को सफल घोषित किया गया है। इसके अलावा 84 विद्यार्थियों का परीक्षाफल लंबित रखा गया है। आयोग के द्वारा इन अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आगामी 90 दिनों के अंदर आयोजित करने की घोषणा की गई है।

*******************

देवघर जिला में पुलिस ने 13 लाख रुपये नकद के साथ चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार चारों साइबर ठग दुमका जिला के मसलिया के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये अपराधी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी किया करते थे। इनके पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

*******************

गोड्डा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं।

*******************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार 2 दिसंबर तक सुबह के समय कुहासे का असर रहेगा और आकाश में हल्के बादल भी छाए रहेंगे।

*******************

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज कल से शुरु हो रहा है। पहला मैच रांची के जेएससीए स्टेडियम में होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद वनडे सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी से भारतीय टीम पलटवार को तैयार है। भारतीय खिलाड़ियों ने कल कई घंटों तक अभ्यास किया। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम आज भी नेट प्रैक्टिस का हिस्सा बनेंगी। रांची में होने वाले इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अभ्यास सत्र के दौरान अपने चहेते खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए जेएससीए स्टेडियम के इर्द–गिर्द फैंस उमड़ रहे हैं।

*******************

झारखंड सशस्त्र पुलिस द्वारा रांची में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता–2025 का कल समापन हो गया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जैप–10 को इस वर्ष का 'ऑल ओवर चैंपियन' घोषित किया गया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा करीब 9 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–ग्लोबल रैंकिंग में तीन बड़े बैंक बनेंगे: एसबीआई में तीन छोटे बैंक मिलेंगे, विलय का रोडमैप बजट सत्र में संभव।

प्रभात खबर के अनुसार–बिल्डर से मांगी गयी एक करोड़ रुपये की रंगदारी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–रांची में जीत के लिए खिलाड़ी बेताब।

दैनिक जागरण लिखता है–सिरमटोली रैंप के विरोध वाली याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा–यह राजनीति से प्रेरित

*******************